प्युरिटी का फाउंडेशन हो मजबूत

# जीवन के अन्दर सुख-शांति न होने का कारण- प्युरिटी की कमी

गतांक से आगे...

इसके बाद प्युरिटी की पर्सनैलिटी का तीसरा लेवल जो आता है वो है व्यवहार, कर्म या आचरण। ब्रह्मा बाबा ने अपना आचरण कैसे किया, एक-एक कर्म कैसे किया। कितना निरहंकारी होकर एक-एक कर्म किया। ये बाबा का प्रैक्टिकल जीवन है जो अंत में सारे ज्ञान का सार इन तीन शब्दों में कहा निराकारी, निर्विकारी, निरहंकारी। ये है टोटल जीवन की धारणाओं का सार। ज्ञानी तू आत्मा किसको कहा जाता है इसका सार ये तीन स्वरूप हैं। और ये सम्पूर्ण प्युरिटी है, सम्पूर्णता है। तो आचरण के अन्दर वो रॉयल्टी हमारे अन्दर झलके। रॉयल्टी खाली कपड़ों की नहीं, रॉयल्टी हमारे व्यवहार की है। व्यवहार में कितनी सभ्यतापूर्ण हम एक-दूसरे के साथ बातचीत करते हैं उससे पता चलता है कि इसकी प्युरिटी की परसेंटेज कितनी होगी। अगर व्यवहार में, वाणी में गाली-गलोच है इसको प्युरिटी तो नहीं कहेंगे! ये प्युरिटी की पराकाष्ठा नहीं है। और इसीलिए सम्पूर्णता हमसे बहुत दूर रही।

ये महसूस होता है आज, अगर कोई कहते हैं कि हमारे जीवन में विघ्न बहुत आते हैं, बंधन बहुत महसूस होते हैं तो बाबा ने यही कहा कि जितना निर्विकारी बनते जायेंगे, उतना निर्बंधन, निर्विघ्न बनते जायेंगे। क्योंकि ये बंधन और विघ्न जहाँ कहीं विकारों के सूक्ष्म अंश का भी प्रयोग होता है हमारे संस्कारों के अन्दर, हमारे कर्म में, हमारे व्यवहार में, यही बंधन को क्रियेट करता है, यही विघ्न को क्रियेट करता है। सिम्पल बाबा की बातें हैं कि जितना-जितना आप निर्विकारी अवस्था को अपने आचरण में ले आओ, अपने कर्म में ले आओ उतना आप देखेंगे कि आप सहजता से बंधन मुक्त और विघ्न मुक्त हो जायेंगे। ऐसा नहीं है कि विघ्न आयेंगे ही नहीं



ब्र.कु. उषा, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका

लेकिन अगर विघ्न आया भी तो विजयी बन करके बाहर निकलेंगे। तो मधुरतापूर्ण व्यवहार जितना हमारा है, ये वैल्यूज़ जितनी उसके अन्दर आ जाती हैं तब कहा कि व्यवहार कुशल व्यक्तित्व। व्यक्तित्व के अन्दर व्यवहार, कुशलता ये सब अमृतवेले से लेकर रात्रि तक हर एक कर्म में, हर एक आचरण में, हर एक व्यवहार में किस तरह से करना है तो ये बाबा हमें सिखाता है। प्रतिदिन की मुरली का सार अगर निकालो तो क्या होता है व्यवहार, वाणी और कर्म कैसे होगा, स्थूलता में अगर इतना ऊंचा व्यवहार, वाणी और कर्म हो हमारा तो उसकी मन्सा तो कितनी ऊंची होगी ये स्पष्ट हो जाता है। इसीलिए कहा कि प्युरिटी का मतलब खाली एक बात के लिए प्युरिटी नहीं, प्युरिटी माना सारे वैल्यूज़ जहाँ आ जायें। इसीलिए बाबा हमेशा ये बात कहते हैं कि जहाँ पवित्रता है वहाँ सुख-शांति है। पवित्रता जननी है और सुख-शांति उसके बच्चे हैं। अगर बाबा का बनने के बाद भी जीवन के अन्दर सुख-शांति नहीं है तो इसका मतलब प्युरिटी में कमी है। जीवन में अगर हर वक्त मन के अन्दर तनाव ही तनाव महसूस हो रहा है तो कहाँ सूक्ष्म ते सूक्ष्म विकारों के अंश हैं, उससे मुक्त नहीं हुए हैं।

इसीलिए कई लोगों को आदत होती है बात-बात में झूठ बोलने की। अगर कोई पूछे उनसे ये झूठ क्यों बोल रहे हैं तो कहेंगे कि क्या गया, उसका कुछ गया क्या? उसको तो कोई फर्क नहीं पड़ा। लेकिन बाबा कहते हैं कि ये भी छोटे-छोटे विकर्म हैं, जो हम अपने अन्दर जमा कर रहे हैं। उसको फर्क पड़ा, नहीं पड़ा आपके झूठ बोलने से लेकिन क्यों बोलना है झूठ! क्योंकि ये संस्कार है। कई लोग सोचते हैं कि हम युक्तियुक्त होकर बोलते हैं। बाबा ने कभी ये शब्द नहीं कहा कि युक्तियुक्त बोलना माना झूठ बोलना है आपको। बाबा ने ये नहीं कहा। बाबा ने कहा कि सत्य इस विधि से बोलो कि सांप भी मरे और लाठी भी न टूटे। इस विधि से सत्य बोलो, ये युक्तियुक्त है।



**कानपुर-बर्रा(उ.प्र.)।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रीमति विजया तिवारी,राज्यमंत्री,महिला मोर्चा को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. दुलारी दीदी,उपक्षेत्रीय निदेशिका,ब्रह्माकुमारीज़। इस मौके पर अनिल तिवारी,स्टेशन सुपरिन्टेंडेंट,कानपुर सेंट्रल स्टेशन, सर्वेश मिश्रा,हेड पोस्ट मास्टर,बर्रा कानपुर, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शशि बहन तथा अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।



**हज़ारीबाग-झारखंड।** बड़ा अखाड़ा सेवाकेन्द्र पर 86वीं शिव जयंती महोत्सव में अखाड़ा ठाकुरबाड़ी के महंत, बैंक ऑफ बड़ौदा की मैनेजर मंजू सिन्हा, कांग्रेस की पूर्व विधायक निर्मला देवी, एसबीआई बैंक के मैनेजर, दामोदर घाटी निगम के सचिव, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. हर्षा दीदी तथा बड़ी संख्या में ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे।


## ओम शान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें....

कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया
संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न - 5, आबू रोड (राज.) 307510
सम्पर्क- M- 9414006096, 9414182088,
Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 200 रुपये, तीन वर्ष 600 रुपये, कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेयबल एट शांतिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

Website: www.omshantimedia.org

For Online Transfer

BANK NAME:- STATE BANK OF INDIA(SBI)
ACCOUNT NO: - 30826907041
ACCOUNT NAME:- OM SHANTI MEDIA
IFSC - CODE - SBIN0010638
BRANCH:- Prajapita Brahmakumaris Ishwariya Vishwa Vidhyalya,Shantivan
Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail -omshantimedia.acct@bkivv.org OR
Whatsapp, Telegram No.:- 9414172087

ALL-IN-ONE QR
Paytm
Accepted Here
Wallet KYC NOT Required
Scan & Pay using Paytm App
Wallet or Bank A/c | Any Debit or Credit Card | Paytm Postpaid
BHIM UPI





**गुवाहाटी-असम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'ज़ेंडर इक्वेलिटी टुडे फॉर ए सस्टेनेबल टुमॉरो' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. काबेरी ककाती,असिस्टेंट प्रोफेसर,हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी डिपार्टमेंट,डॉ. बी.बरुआ कैंसर इंस्टीट्यूट, डॉ. असोमी गोगोई,रिटा. एडिशनल डायरेक्टर,सेकेण्डरी एजुकेशन,गवर्नमेंट ऑफ असम, डॉ. अंजना गोस्वामी,डायरेक्टर,आशादीप, डॉ. मिनोती बरुआ,मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट एंड प्रोफेसर ऑफ एनेस्थेसियोलॉजी,डॉ. बी.बरुआ कैंसर इंस्टीट्यूट, राजयोगिनी ब्र.कु. शीला दीदी,उपक्षेत्रीय निदेशिका,असम,मणिपुर,मेघालय,अरुणाचल,त्रिपुरा व बांग्लादेश तथा शहर की अन्य महिलायें उपस्थित रहीं।



**आस्का-ओडिशा।** शिव जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण से पूर्व शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्र.कु. प्रवाती बहन। इस अवसर पर रिटा. प्रिंसीपल व आश्रम स्कूल के प्रसिडेंट प्रशांत कुमार पंडा, ब्र.कु. आदिनारायण भाई तथा अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।



**सादुलपुर-राजगढ़(राज.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय सेवाकेन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य समिति की ओर से ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा समाज में दिए गए अतुलनीय योगदान के लिए ब्र.कु. शोभा बहन को दुपट्टा, सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी प्रताप कस्वाँ, पूर्व प्राचार्य गोपाल राम, प्रसिद्ध व्यापारी रामू राम शारडा, आयुर्वेदाचार्य सत्यनारायण शांडिल्य एवं साहित्य समिति मंत्री पुरुषोत्तम पांडिया।



**बरेली-मिथिलापुरी(उ.प्र.)।** 'होली मिलन' कार्यक्रम में डॉ. प्रमेन्द्र नागेश्वरी को ओम शान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए ब्र.कु. नीता बहन व ब्र.कु. रजनी बहन।



**नेतरहाट-झारखण्ड।** महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिवाकर दुबे, राकेश कुमार राम, नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रोशन कुमार बख्शी, सुधीर किसान, अजय साहू, ब्र.कु. नीलम बहन, ब्र.कु. मंजू बहन तथा अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।